13. There is a chain of further rulings, also in which the contention of the management has been answered It is, therefore, well established that a belief of the employer, that the services work and conduct of an employee were unsatisfactory, could not be a mere whim or fancy It should be bona fide and reasonable It must rest on some tangible basis and the power has to be exercised by the employer objectively in good faith which means honestly with due care and prudence

14 The second question is whether the work and conduct of the employee herein, were unsatisfactory Shri S R Bajpai—MW1 -agent of the Bank of Baroda who found the work of the employee, herein, unsatisfactory gave evidence as WM1 He said he found the work of the employee unsatisfactory He sent reports regarding his work to the Regional Manager Lucknow One such report was Ex M/2 and another was Ex M/3 In Ex M/2, the report was as follows —

1. "That Mr Narendra Singh joined this Bank on 28 10 72 and is still on probation which will be completed on 28-4-73

2 That before joining this Bank, Mr Singh had worked in P N Bank as temporary for about 1 1/2 years"

3 That he is local man and his father has photography shop at Pilibhit proper

4 As for the integrity is concerned, I never found any thing wrong about him

5 As for the work is concerned, he is slow worker and tried to shirk the work and also a not paying more attention towards work rather than other activities In one or two cases he had done some gross negligence and not attended the work properly '

In view of the above facts and in the interest of the Bank, I am of the opinion that he should not be confirmed in the Bank's service

15 His report in Ex M/3 was as follows —

"Please refer to this office D O letter No D O /12 of 16th instant and write to advise you that looking the incidents and gross negligence that Mr Singh did in the past, and he always shirks work in the office, we are of opinion that his services should immediately be terminated from our Bank This action of termination is urgently required in the interest of the Bank and prestige of the Bank '

16 Thus the grounds for saying that the work and conduct of the workman, herein, were unsatisfactory, were that (a) he was a slow worker and tried to shirk work, (b) that he did not pay more attention to work rather he paid more attention to other activities, (c) that in one or two cases he had been grossly negligent and not attended the work properly, and (d) that he being a local man might create some disturbances if he was not confirmed

17. Now, there was nothing in the evidence of Shri S R Bajpai MW1 showing any instance in which the workman, herein was found to have been a slow worker No instances were given, also, in which he tried to shirk work or where he did not pay attention or more attention or the required attention Referring to the other activities the witness said that what he meant by the expression was that the workman paid attention to cultural and social activities and activities pertaining to local persons who used to visit him in the Bank Firstly, there was no evidence about these activities, that the workman indulged in them The workman himself said in his statement WW1 that he never took part in any cultural activities, social or otherwise Secondly, the mere taking part in cultural or social activities will not be enough to show that the work and conduct of the workman was unsatisfactory in his office It lay heavily on the management to show that the social and cultural activities of the workman interfered with his legitimate work which he was required to do for the management Since there is no such evidence there can be no hesitation in holding that the management failed to prove that the work and conduct of the workman, herein, were unsatisfactory Similarly, there were no instances of gross negligence of the workman Rather Shri S R Bajpai-MW1 said that what he meant by gross negligence was that certain outsiders were allowed by the workman to sit inside the cash cabin I fail to understand as to how merely allowing outsiders to sit inside the cash cabin would amount to gross-negligence The management failed to show that there was any rule of conduct in which an outsider could not be allowed to sit inside the cash cabin, and secondly without something more merely sitting inside the cash cabin would not make it a mis-conduct of gross-negligence Lastly, the suspicion of the agent that the workman may create some disturbances or gherao him and create trouble for him Afterall, it was a mere suspicion No incidents actually happened as admitted by Shri Vajpai himself This suspicion was, therefore, nothing but a camouflage and unfair labour practice It appears as stated by the workman himself that Shri Bajpai on whose report the termination took place got prejudiced for certain reasons like the shortage of Rs 3 000 and had a heated argument with him Subsequently, out of his anger he made the reports Ex M/2 and Ex M 3 without there being any grounds for them The management has, then,tried to use the words like unsatisfactory conduct and work without there being any evidence to prove them As already observed above, the suspicion of the employer could not be a mere whim or a fancy It should be bonafide and reasonable Here in this case there is no tangible evidence to show that the reports of Shri Bajpai were made objectively in good faith, honestly and with due care and prudence The management did not even disclose in the Court the grounds for harbouring the feeling that the conduct and work of the workman were unsatisfactory It was therefore manifest that the action of the management was not justified and not even bona-fide The issue is, accordingly decided against the management

18 The results that the workman, herein is entitled to be re-instated with full back wages The management is accordingly directed to re instate the workman forthwith and pay him his back wages ever since 18th April 1973 at the rate he was paid last, and treat him continuous An award is made accordingly

2nd November, 1976

D D GUPTA, Presiding Officer

[F No 12012/135/73-IR III/D IIA]

R P NARULA Under Secy

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 1 जनवरी 1977

का० आ० 206—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 3 के साथ पठित निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 1 जनवरी, 1977 से एक वर्ष की अवधि के लिये निर्यात निरीक्षण परिषद के अध्यक्ष के रूप में श्री एस० जी० बोस संयुक्त वाणिज्य सचिव, वाणिज्य मंत्रालय को नियुक्त करती है और निम्नलिखित को सदस्यों के रूप में नामित करती है —

1 निदेशक, निरीक्षण तथा क्वालिटी नियंत्रण, वाणिज्य मंत्रालय, नई दिल्ली ।

2 महानिदेशक, भारतीय मानक संस्थान, नई दिल्ली ।

3 कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार ।

4 महानिदेशक, वाणिज्यिक जानकारी तथा सांख्यिकी संकलन, कलकत्ता ।

5 संयुक्त सचिव (एगमार्क के कार्यभारी), कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली ।

6 सचिव, तकनीकी विकास, नई दिल्ली ।

7 सदस्य, उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क का केन्द्रीय बोर्ड ।

8 उप-महानिदेशक (निरीक्षण) सभरण तथा निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली ।

9 अध्यक्ष, लघु उद्योग संघ का फेडरेशन ।

10 अध्यक्ष, समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यातक संघ, कोचीन ।

11 विकास आयुक्त, लघु उद्योग ।

12 अध्यक्ष, भारतीय निर्यात संगठनों का संघ ।

13 श्री वी० एच० पंचोली, फिल्को प्राइवेट लि०, सेवरी, बम्बई ।

14 श्री के० वी० गोपीनाथ, मैसर्स मैसोडेट (प्रा०) लि०, बंगलौर-25।

15 श्री एम० एन० दस्तूर, मैसर्स एम० एन० दस्तूर एण्ड कं० (प्रा०) लि०, कलकत्ता ।

[फा० सं० 3(94)/75-ई आई एण्ड ई पी)]

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 1st January, 1977

S O. 206.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) read with Rule 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, the Central Government hereby appoints Shri S G Bose Mullick, Commerce Secretary, Ministry of Commerce, as Chairman and nominates the following as Members of the Export Inspection Council for a period of one year with effect from 1st January 1977 —

1 Director of Inspection and Quality Control, Ministry of Commerce, New Delhi

2 Director General of Indian Standards Institution, New Delhi.

3 Agricultural Marketing Adviser to the Government of India

4 Director General of Commercial Intelligence and Statistics, Calcutta

5 Joint Secretary (In-charge of Agmark), Ministry of Agriculture, New Delhi

6 Secretary, Technical Developmert, New Delhi

7 Member, Central Board of Excise and Customs

8 Deputy Director General (Inspection), D G S &D, New Delhi

9 President, Federation of Association of Small Industries.

10 President, Seafood Exporters Association, Cochin

11 Development Commissioner for Small Scale Industries.

12 Chairman, Federation of Indian Exports Organisations

13 Shri V H. Pancholi of Filco Pvt, Sewri, Bombay

14 Shri K V. Gopinath, M/s Mysodet Pvt Ltd, Bangalore-25.

15 Shri M N Dastur, M/s Dastur & Co. Pvt Ltd, Calcutta

[No 3(94)/75-EI&EP]

125 GI/76—8

आदेश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 1977

का० आ० 207—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार की राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है कि पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए है और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) द्वारा अपेक्षित के अनुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है ;

अत , अब, उक्त उपनियम के अनुसरण मे केन्द्रीय सरकार, अधिसूचना स० का० आ० 2376, तारीख 6 अगस्त, 1966 को अतिष्ठित करते हुए, उक्त प्रस्तावों को उन लोगों की जानकारी के लिए, जिनके उनके द्वारा प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित करती है ।

2 इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावों के बारे मे कोई आक्षेप या सुझाव भेजने की आशा रखने वाला कोई भी व्यक्ति उन्हें इस आदेश के सरकारी राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल), कलकत्ता-1 को भेज सकता है ।

प्रस्ताव

(i) यह अधिसूचित करना कि पी० वी० सी०, लैदर-क्लाथ का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा;

(ii) इस आदेश के उपाबंध-1 मे दिए गए पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1977 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को क्वालिटी नियन्त्रण और निरीक्षण के उस प्रकार के रूप मे विनिर्दिष्ट करना जो ऐसे पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ पर निर्यात से पूर्व लागू होगा ।

(iii) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ अभिकरण द्वारा पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के अनुसार जारी किया गया प्रमाण-पत्र न हो,

(iv) (क) इस आदेश के उपाबंध-2 मे दिए गए पी० वी० सी लैदर-क्लाथ के लिए विनिर्देशों को,

(ख) निर्यात संविदा के विनिर्देशों को, पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के लिए मानक विनिर्देशों के रूप मे मान्यता देना परन्तु यह तब जब ऐसे विनिर्देश उक्त उपाबंध मे निर्धारित अपेक्षाओं से नीचे के न हो ।

3 इस आदेश की कोई भी बात पी० वी० सी लैदर-क्लाथ के उन नमूनों के जल, थल या वायु-मार्ग द्वारा निर्यात पर लागू नही होगी जिनका भावी क्रेता के लिए पोतपर्यन्त निःशुल्क मूल्य 125 रु० मात्र से अधिक नही है ।

4 इस आदेश मे पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ से कपास, पटसन, रेयन, नायलोन या अन्य किसी फैब्रिक से बना वह कपड़ा अभिप्रेत है जिस पर पालिविनयल क्लोराइड पालिमर या विनयल कोपालिमर, जिसका मुख्य संघटक पालिविनयल क्लोराइड है, एक ओर या दोनो ओर इस ढंग से लगाया गया है कि कोटिंग, कोट किए गए कुल फैब्रिक का कम से कम 40 प्रतिशत हो ।

उपाबन्ध-1

(पैरा 2 का उप-पैरा (ii) देखिए)

[निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने के लिए प्रस्थापित नियमों का प्रारूप]

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :—इन नियमों का नाम पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ निर्यात (निरीक्षण नियम,) 1977 है।

2 परिभाषा —इन नियमों मे, जब तक संदर्भ मे अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है।

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अधीन कलकत्ता, मुम्बई, दिल्ली, मद्रास तथा कोचीन में स्थापित अभिकरणों में से कोई अभिप्रेत है।

(ग) "पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ" से कपास, पटसन, रेयन, नायलोन या अन्य किसी फैब्रिक से बना वह कपड़ा अभिप्रेत है जिस पर पालिविनयल क्लोराइड पालिमर या विनयल कोपालिमर, जिसका मुख्य संघटक पालिविनयल क्लोराइड है, एक ओर या दोनों ओर इस ढंग से लगाया गया है कि कोटिंग, कोट किए गए कुल फैब्रिक का कम से कम 40 प्रतिशत हो।

3. निरीक्षण का आधार :—पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का निरीक्षण यह देखने के विचार से किया जाएगा कि निर्यात के लिए आशयित पी० वी० सी लैदर-क्लाथ का परेषण केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया :—

1.(क) पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता, पोत-लदान की संभावित तारीख से कम से कम पांच दिन पहले, अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में देगा और प्रार्थना-पत्र के साथ पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ की जिस क्वालिटी और डिजाइन का निर्यात किया जाना है, उसका नमूना (निर्यात संविदा मे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार) उस अभिकरण को देगा जिसके अधिकार क्षेत्र में उत्पादन-कर्ता का परिसर या वह स्थान आता है जहां पर निरीक्षण के लिए माल प्रस्तुत किया जाता है, ताकि वह नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके।

(ख) प्रार्थना-पत्र में—

(i) कपड़े तथा कोटिंग के भार,

(ii) विमाओं, चौड़ाई, नग की बुनावट, क्वालिटी और रंग-आभा या रंग, की बाबत नमूनों के विनिर्देश भी होंगे।

2. उप-नियम (1) के अधीन सूचना तथा नमूने सहित प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने पर अभिकरण पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के परेषण का, नियम 3 के अनुसार, निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार, निरीक्षण करेगा।

3. निरीक्षण के पश्चात् यदि अभिकरण संतुष्ट हो जाता है कि पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का परेषण, परेषण संबंधी घोषणा के अनुरूप है तो वह पांच दिनों के भीतर परेषण को निर्यात-योग्य घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र देगा :

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं होता है वहां वह उक्त पांच दिन की अवधि के भीतर ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इंकार कर देगा तथा निर्यात कर्ताओं को इसके कारण बताते हुए ऐसे इंकार की सूचना देगा।

5 निरीक्षण का स्थान :—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण या तो—

(i) माल के उत्पादन-कर्ता के परिसर, पर, या

(ii) उस स्थान पर, जहा कि माल निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाता है, किया जाएगा, परन्तु यह तब जब कि निरीक्षण की पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों।

6 निरीक्षण फीस :—इन नियमों के अधीन निरीक्षण के लिए प्रत्येक परेषण के पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर तीस पैसे प्रति सौ रुपये की दर से निरीक्षण फीस दी जाएगी जो कम से कम 15 रुपए और अधिक से अधिक 200 रुपए होगी।

7. अपील :—

(1) नियम 4 के उप-नियम (3) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र देने के इंकार से व्यथित कोई व्यक्ति उसके द्वारा ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त तीन से अन्यून और सात से अधिक विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) विशेषज्ञों के पैनल में कुल सदस्यों में से कम से कम दो-तिहाई गैर-सरकारी व्यक्ति होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) अपील उसके प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर निपटा दी जाएगी।

उपाबंध-2

[पैरा 2 का उप-पैरा (iv) देखिए]

पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के लिए मानक विनिर्देश

1. सामग्री तथा उत्पादन :—

(1) कोटिंग :—

(क) पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ का उत्पादन आधारी फैब्रिक पर एक या दोनों ओर भली प्रकार प्लास्टिकृत तथा रंजित पोलिविनयल क्लोराइड या विनयल कोपालिमर सम्मिश्रण, पी० वी० सी० जिसका मुख्य संघटक होगा, की एकसार कोटिंग करके किया जाएगा।

(ख) कोटिंग सम्मिश्रण का मिश्रण तैयार माल को अपेक्षित रूप तथा दृढ़ता देने के लिए होगा। इस प्रकार की गई कोटिंग कुल कोट किए गए फैब्रिक भार का न्यूनतम 40 प्रतिशत होगी।

(ग) कोटिंग फफोल पिन-छिद्रों और अन्य यांत्रिकी दोषों से रहित होगी। यह चिपचिपी नहीं होगी और इसमें कोई बुरी लगने वाली गंध नही होगी।

(2) बेसिक फैब्रिक :—

इस प्रयोजन के लिए प्रयोग किए जाने वाला आधारी फैब्रिक अच्छी क्वालिटी, बनावट और मजबूती का होगा। यह साफ और बनाई या उत्पादन संबंधी दोषों से मुक्त होगी। जिस रंग की कोटिंग है, उसी रंग का पक्का रंग हुआ आधारी फैब्रिक प्रयोग किया जाएगा।

(3) रूप सज्जा :—

(i) कोटिंग या आधारी फैब्रिक का रंग या रंग आभा।

(ii) कोटिंग का डिजाइन, धारियां या प्रिंट; और

(iii) सतह फिनिश, पूरी तरह क्रेता द्वारा लिखित विनिर्देशों या स्वीकृत नमूनों के अनुसार होंगे।

(4) विमाएं —

पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ के रोलों या टैबिग-क्लाथ की विमाएं क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट के अनुसार होंगी। तथापि, संविदा के विनिर्देशों पर रोलों की चौड़ाई/टैबिग क्लाथ के साइज में $\pm$5 प्रतिशत की सहायता अनुमत होगी।

2 प्रति यूनिट क्षेत्र पी० वी० सी० कोटिंग और बेसिक फैब्रिक का भार

(1) पी० वी० सी० कोटिंग —

पी० वी० सी० कोटिंग के घोषित भार पर $\pm$15 प्रतिशत सहायता अनुमत होगी। 5 प्रतिशत

(2) आधारी फैब्रिक का भार निर्यात संविदा में दिए न्यूनतम के —5 प्रतिशत से कम नहीं होगा।

3 टूटन सामर्थ्य —

तैयार लैदर क्लाथ की टूटन सामर्थ्य निम्नलिखित के अनुसार होगी

(क) ताने की दिशा में —5 5 कि०ग्रा० 1 से०मी० चौड़ाई।

(ख) बाने की दिशा में —5 5 कि०ग्रा० 1से०मी० चौड़ाई।

4 फ्लैक्स क्रेकिंग के लिए सहायता —

फ्लैक्सिंग घुमावों की न्यूनतम संख्या 2,000 होगी।

5 सूखे तथा गीले रगड़े जाने पर रंग का पक्कापन —

पी० वी० सी० लैदर-क्लाथ को रंग के पक्केपन की परख करने के लिए क्रोक मीटर का प्रयोग करते हुए (निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा दी गई प्रक्रिया के अनुसार) सूखे तथा गीले रगड़े जाने पर धब्बे की गहराई ज्योमेटिक ग्रे स्केल (सदर्भ -ब्रिटिश-मानक 2663) की श्रेणी 4 से अधिक की नहीं होगी।

6 पैकिंग —

पैकिंग का ढंग क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट के अनुसार होगा। पी० वी०सी० लैदर क्लाथ के रोलों को बीच के डण्डे सिरे पर लगने वाली प्लेटों जैसे गद्देदार साधनों से प्रबलित किया जाएगा। रोलों को समाविष्ट करने हुए पैकेज बंडल भली प्रकार बंद किए जाएंगे तथा आकार को बनाए रखने में तथा उसमें रखे माल को वातावरणिक खतरों से सुरक्षित रखने के लिए काफी मजबूत होंगे। भज-पोत को समाविष्ट करने वाले पैकेज कार्ड-बोर्ड आदि के साथ पर्याप्त रूप से प्रबलित किए होंगे जिससे भण्डारकरण में या अन्तिम पैकिंग करने से पूर्व आपत्तिजनक सिकुड़न तथा सड़े रहे आने से बचाने के लिए पैकेज जल सुरक्षित पालिथीलीन आदि से ढके होंगे।

[सं० 6(42)/72-नि०नि० तथा नि०उ०]

ORDER

New Delhi, the 15th January, 1977

S.O. 207—Whereas the Central Government is of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act 1963 (22 of 1963), the PVC Leather cloth should be subject to quality control and inspection prior to export,

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964,

Now, therefore, in pursuance of the said sub rule, the Central Government, in supersession of the notification No S O 2376 dated the 6th August, 1966, hereby published the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby

2 Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within forty five days of the date of publication of this order in the Official Gazette to the Export Inspection Council, World Trade Centre, 14/1B, Ezra Street (7th floor), Calcutta-1

PROPOSALS

(i) To notify that PVC leather cloth shall be subject to quality control and inspection prior to export,

(ii) To specify the type of Quality control and inspection in accordance with the draft Export of PVC Leather Cloth (Inspection) Rules, 1976 set out in Annexure I this order as the type of inspection which shall be applied to such PVC Leather cloth prior to export,

(iii) To prohibit the export, in the course of international trade of PVC leather cloth, unless the same is accompanied by a certificate of inspection issued by the agency in accordance with the Export of PVC leather Cloth (Inspection) Rules, 1977,

(iv) To recognise .

(a) the specifications for PVC leather cloth as set out in Annexure II to this order,

(b) specifications in the export contract, provided that such specifications do not fall below the requirements prescribed in the said Annexure as the standard specifications for PVC leather cloth,

3 Nothing in this order shall apply to the export by sea, land or air of samples of PVC leather cloth not exceeding Rs 125 only in F O B value to the prospective buyer

4 In this notification 'PVC leather cloth' means cloth made of cotton jute, rayon, nylon or any other fabric to which a layer of polyvinyl chloride polymer or vinyl copolymer of which polyvinyl chloride is the major constituent has been applied either on one or on both sides in a manner that the coating forms at least 40 per cent of the total coated fabric weight

ANNEXURE-I

(See sub paragraph (ii) of paragraph 2)

(Draft rules proposed to be made under Section 17 of Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

1 Short title and commencement—These rules may be called the Export of P/V/C Leather Cloth (Inspection) Rules, 1977

(2)

2 Definitions—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963)

(b) 'Agency means any one of the agencies established at Calcutta, Bombay, Delhi, Madras and Cochin under Section 7 of the Act,

(c) PVC Leather Cloth' means cloth made of cotton, jute, rayon, nylon or any other fabric to which a layer of polyvinyl chloride polymer or vinyl copolymer of which polyvinyl chloride is the major constituent has been applied either on one or on both sides in a manner that the coating forms at least 40 per cent of the total coated fabric weight

3 Bases of Inspection—Inspection of PVC Leather Cloth

shall be carried out with a view to seeing that the consignment of P/V/C Leather Cloth intended for export conforms to the specifications recognised by the Central Government under section 6 of the Act.

4. Procedure of Inspection.—(1) (a) An exporter intending to export P/V/C Leather Cloth shall, not less than five days before the expected date of shipment, give information in writing of his intention so to do and submit an application along with the sample of P/V/C Leather Cloth of the same quality and design as is intended to be exported in accordance with the specifications stipulated in the export contract to the agency within whose jurisdiction the premises of the manufacturer or the premises where the goods are offered for inspection are situated in order to enable it to carry out the inspection in accordance with rule 3.

(b) The application shall also indicate the specifications of the sample in respect of—

(i) the weight of the cloth and coating,

(ii) the dimensions, width, texture of piece, quality and colour or shade.

(2) On receipt of the intimation and application alongwith the sample under sub-rule (1) the agency shall inspect the consignment of P/V/C Leather Cloth as per the instructions issued by the Export Inspection Council from time to time in accordance with rule 3.

(3) If after inspection, the agency is satisfied that the consignment of P/V/C Leather Cloth conforms to the declaration relating to the consignment, it shall, within five days issue a certificate declaring the consignment as export-worthy.

Provided that where the agency is not so satisfied it shall within the said period of five days refuse to issue such certificate and communicate such refusal to the exporters along with reasons therefor.

5. Place of Inspection.—Every inspection under these rules shall be carried out either—

(i) at the premises of the manufacturer of the goods, or

(ii) at the premises at which the goods are offered by the exporter for inspection, provided adequate facilities for the purpose exist therein.

6. Inspection fee.—Subject to a minimum of Rs. 15 and a maximum of Rs. 200 for each consignment, a fee at the rate of thirty paise for every one hundred rupees of the FOB value for each such consignment shall be paid as inspection fee under these rules.

7. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (3) of rule 4, may within ten days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three but not more than seven persons, appointed for the purpose by the Central Government.

(2) At least two-thirds of the total membership of the panel of experts shall consist of non-officials.

(3) The quorum of the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed off within fifteen days of its receipt.

ANNEXURE-II

(See sub-paragraph (iv) of paragraph 2)

Standard Specifications for PVC Leather Cloth

1. Materials and Manufacture.—(1) Coating.—(a) PVC Leather Cloth shall be manufactured coating uniformly one or both sides of the basic fabric suitably plasticized and pigmented polyvinyl chloride or vinyl copolymer compound of which PVC shall be the major constituent.

(b) The composition of the coating compound shall be to impart the finished product the desired appearance and strength. The coating so applied shall form at least 40 per cent of the total coated fabric weight.

(c) The coating shall be non-blooming, free from pin-hole and other mechanical defects. It shall not be tacky and shall not have disagreeable odour.

(2) Basic fabric.—The basic fabric used for this purpose shall be of good quality, construction and strength. It shall be clean and free from weaving or manufacturing defects. Fast dyed basic fabrics of the same colour as that of the coating shall be used.

(3) Appearance.—The material shall conform strictly to the buyers written down specifications or approved samples, in respect of :

(i) Colour or shade of the coating or basic fabric ;

(ii) Design, grain or print of the coating; and

(iii) Surface finish.

(4) Dimensions.—Dimensions of PVC leather cloth rolls or table cloths shall be as specified by the buyer. A tolerance upto ± 5 per cent, shall, however, be permitted on the contractual specifications, in respect of the width of the rolls or size of the table cloth.

2. Weights of PVC coating and Basic fabric per unit area.—(1) PVC Coating.—A tolerance of $\pm\frac{15}{5}$ per cent chall be allowed on the declared PVC coating weight.

(2) The weight of the basic fabric shall be not less than —5 per cent of the minimum stipulated in the export contract.

3. Breaking strength.—The breaking strength of the Finished Leather Cloth shall be as follows :—

(a) Warp direction	—5.5 Kg/cm width
(b) Weft direction	—5.5Kg/cm width

4. Resistance to Flex Cracking.—The minimum number of flexing cycles shall be 20,000.

5. Colour fastness to Dry and Wet Rubbing.—The degree of staining shall be not more than rating 4 of the Geometric Grey Scale (Ref. BS : 2663) when PVC leather cloth in subjected to the test for colour fastness to dry and wet rubbing by using a crockmeter (as per the procedure prescribed by the Export Inspection Council).

6. Packing.—Mode of packing shall be as specified by the buyer. The rolls of PVC leather cloth shall be reinforced with cushioning aids such as centro-cores and end discs. The packages or bundles containing the rolls shall be well closed and sturdy enough to retain shape and to protect the contents from environmental hazards. The packets containing table cloths shall be reinforced adequately with card board etc. so as to prevent occurrence of objectionable curls and folds on storage and before final packing the packets shall be covered with waterproof paper or polythene etc.

[No. 6(42)/72/EI&MEP]

आदेश

का० आ० 208.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबें निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन हों;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए निम्न विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए है और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण)

नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) द्वारा यथा-अपेक्षित के अनुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है;

अत: अब उक्त उप-नियम के अनुसरण मे, केन्द्रीय सरकार उन लोगो की जानकारी के लिए जिनके उससे प्रभावित होने की सम्भावना है, उक्त प्रस्तावों को प्रकाशित करती है;

2. सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावो के बारे मे कोई आक्षेप या सुझाव देने की वांछा करने वाला कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनो के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट, (आठवीं मंजिल) कलकत्ता-1 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि साइकिल के टायरों व ट्यूबों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा:

(2) क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को इस आदेश के उपाबन्ध में दिए गए साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबों के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1976 के प्रारुप के अनुसार निरीक्षण के उस प्रकार के रुप मे विनिर्दिष्ट करना जो कि निर्यात से पूर्व ऐसे साइकिल के टायरों व ट्यूबो पर लागू होगा.

(3) (क) साइकिल के टायरो तथा साइकिल की ट्यूबों के लिए निर्यात संविदा मे विनिर्देशों को निर्यात-कर्ता द्वारा घोषित स्वीकृत विनिर्देशों के रुप में मान्यता देना।

(ख) साइकिल के टायरों तथा साइकिल की ट्यूबों के लिए विनिर्देशों को उत्पाद की विशेषताओं सहित ब्राण्ड नाम के अनुसार मान्यता देना :

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान ऐसे साइकिल के टायरो तथा साइकिल की ट्यूबों के निर्यात का तब तक प्रतिषेध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य अभिकरण द्वारा दिया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो हो कि ऐसे साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबे मानक विनिर्देशों के अनुरुप है तथा निर्यात योग्य है।

3. इस आदेश की कोई बात, स्थल, समुद्र या हवाई रास्ते द्वारा साईकिल टायरो और साईकिल ट्यूबों के नमूनो के क्रेताओ को निर्यात करने पर लागू नहीं होगी ।

4. इस आदेश में, --

(1) "साइकिल के टायरो" से साइकिल तथा रिक्शा में प्रयुक्त होने वाले टायर अभिप्रेत है जो दो स्टील बीड वायर बीड रिंगो को घेरकर रबड़ कोर्ड की फैब्रिक केसिंग से तथा उपयुक्त मिश्रित रबड़ की धारियो से युक्त होंगे।

(2) "साइकिल की ट्यूबों" से साइकिल तथा रिक्शा के लिए बनी रबड़ की ट्यूबो अभिप्रेत है जो उपयुक्तत: मिश्रित तथा वल्कनीकृत प्राकृतिक तथा/या संश्लिष्ट रबड़ से युक्त होंगे।

उपाबन्ध

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अन्तर्गत बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारुप

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ—(1) इन नियमो का नाम साइकिल टायर तथा साइकिल साइकिल ट्यूब निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1977 है।

(2) ये को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.--इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो--

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है,

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन कोचीन, मद्रास, कलकत्ता, बम्बई तथा दिल्ली में स्थापित अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है,

(ग) "साइकिल के टायरों" से साइकिल तथा रिक्शा में प्रयोग होने वाले टायर अभिप्रेत हैं जो दो स्टील बीड वायर बीड रिंगो को घेरकर रबड़ कोर्ड की फेब्रिक केसिंग से युक्त होंगे तथा उपयुक्त मिश्रित रबड़ की धारियों से युक्त होंगे।

(घ) "साइकिल की ट्यूबों" से साइकिल तथा रिक्शा के लिए बनी रबड़ की ट्यूबे अभिप्रेत है जो उपयुक्तत: वल्कनीकृत और मिश्रित प्राकृतिक या संश्लिष्ट रबड़ से युक्त होगे।

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों से अनुबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है;

3. क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण.--

(1) साइकिल के टायरों तथा साइकिल की ट्यूबों का क्वालिटी नियंत्रण विनिर्माता द्वारा उत्पाद के विनिर्माण, परिरक्षण तथा पैकिंग के विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित नियंत्रणों का प्रयोग करके सुनिश्चित किया जाएगा, नीचे दिया गया--

(i) क्रय तथा कच्चा माल नियंत्रण--

(क) प्रयुक्त किये जाने वाले कच्चे माल के गुण धर्मों को सम्मिलित करते हुए, विनिर्माता द्वारा क्रय विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) स्वीकृत परेषण या तो क्रय विनिर्देशों की अपेक्षाओं की पुष्टि करने वाले प्रदाय-कर्ता के परीक्षण तथा निरीक्षण प्रमाण-पत्र के साथ होंगे उस दशा में क्रेता द्वारा इस परेषणों में से कम से कम एक बार, यदा कदा होने वाली जांच पड़ताल विशिष्ट प्रदाय कर्ता के लिए पूर्वोक्त परीक्षण या निरीक्षण प्रमाणपत्रों की शुद्धता को सत्यापित करने के लिए क जाएगी या क्रय किए गए माल का या तो कारखाने के भीतर प्रयोगशाला मे या बाह्य प्रयोगशाला या परीक्षण गृह मे नियमित रुप से परीक्षण और निरीक्षण किया जाएगा।

(ग) किए जाने वाले निरीक्षण या परीक्षण के लिए नमूना लेना लेखबद्ध किए गए अन्वेषण पर आधारित होगा।

(घ) निरीक्षण या परीक्षण किए जाने के पश्चात् स्वीकृत और अस्वीकृत किए गए माल को पृथक् करने में तथा अस्वीकृत माल के निपटान के लिए व्यवस्थित पद्धतियां अपनाई जाएंगी।

(ङ) विनिर्माता द्वारा ऊपर वर्णित नियंत्रणों के संबध मे पर्याप्त अभिलेख नियमित व व्यवस्थित रुप से अपनाए जाएंगे।

(ii) प्रक्रिया नियंत्रण—

(क) विनिर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए विनिर्माता द्वारा ब्यौरेवार प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों मे यथा अधिकथित प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने के लिए उपस्कर एवं साधनों की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(ग) विनिर्माता द्वारा विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान किए गए नियंत्रणों के सत्यापन की संभावना सुनिश्चित करने के लिए अभिलेख रखे जाएंगे।

(iii) उत्पाद नियंत्रण

(क) यह जांच पड़ताल करने के लिए कि क्या उत्पाद अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्य विनिर्देशों के अनुसार है, विनिर्माता के पास परीक्षण करने के लिए या तो स्वयं के पास परख सुविधाएं होंगी या परख सुविधाएं उसकी पहुंच के भीतर होनी चाहिएं;

(ख) परीक्षण और निरीक्षण के लिए नमूनों का लेना लेख बद्ध किए अन्वेषण पर आधारित होगा;

(ग) नमूने लेने और किए गए परीक्षण के बारे में पर्याप्त अभिलेख नियमित तथा व्यवस्थित रूप से रखे जाएंगे;

(घ) उत्पाद की जांच करने के लिए नियंत्रण के न्यूनतम स्तरमान अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट के अनुसार होंगे।

(iv) परिरक्षण नियंत्रण

भंडारीकरण तथा अभिवहन के दौरान उत्पाद अच्छी तरह से परिरक्षित किया जाएगा।

(v) पैकिंग नियंत्रण

उत्पादों की पैकिंग के लिए अनुसूची 2 में वर्णित नियंत्रणों को पूरा करने के लिए पैकिंग विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे।

(2) निर्यात के लिए आशयित साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबों का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जाएगा कि उप-नियम (1) के अनुसार क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग सुसंगत स्तरों पर समाधानप्रद रूप से किया गया है तथा साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबें इस प्रयोजन के लिए मान्य विनिर्देशों के अनुरूप हैं।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया :

(1) साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबों का निर्यात करने का इच्छुक निर्यात कर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में परिषद् के नजदीक ही के कार्यालय को देगा। ऐसी सूचना के प्राप्त होने पर विनिर्माण एकक का निरीक्षण सबसे पहले परिषद् के अधिकारी करेंगे और उनकी सिफारिश पर इस प्रयोजन के लिए, अनुसूची 1 तथा 2 में दी गई उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण पद्धति की पर्याप्तता जांचने के लिए परिषद् द्वारा बनाए गए विशेषज्ञों के पैनल के जाने का प्रबंध किया जाएगा। विशेषज्ञों के पैनल की सिफारिश पर यह स्थापित किया जाएगा कि एकक के पास उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण अभ्यासों की पर्याप्तता है।

विनिर्माण एकक इस प्रयोजन के लिए परिषद् के अधिकारियों तथा विशेषज्ञों के पैनल के सदस्यों को सभी सुविधाएं देगा।

(2) साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबों के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में अभिकरण को देगा तथा ऐसी सूचना के साथ एक घोषणा देगा कि साइकिल के टायर तथा साइकिल की ट्यूबों का परेषण नियम 3 में दिए गए क्वालिटी नियंत्रण उपायों को प्रयुक्त कराके विनिर्मित किया गया है या किया जा रहा है तथा परेषण इस प्रयोजन के लिए मान्य विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है।

(3) उप-नियम (2) के अधीन सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने पर, अभिकरण अपना यह समाधान कर लेने पर कि एकक द्वारा विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 3 में दिए गए पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का योग किया गया है तो यह परिषद् द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार परेषण का निरीक्षण करेगा।

(4) निर्यात कर्ता अभिकरण को परेषण पर लगाया जाने वाला पहचान चिन्ह भी देगा।

(5) उप-नियम (2) के अधीन प्रत्येक सूचना तथा घोषणा को विनिर्माता के यहां से परेषण के भेजे जाने से कम-से-कम सात दिन पहले अभिकरण के कार्यालय में पहुंचना चाहिए।

(6) यदि अभिकरण ने अपना यह समाधान कर लिया है कि निर्यात किया जाने वाला साइकिल के टायरों तथा साइकिल की ट्यूबों का परेषण उप-नियम (3) की अपेक्षाओं के अनुरूप है तो यह उप-नियम (2) के अधीन सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर परेषण को निर्यात योग्य घोषित करते हुए निर्यात कर्ता को प्रमाण-पत्र दे देगा :

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार का समाधान नहीं हुआ है वहां वह उक्त सात दिनों की अवधि के भीतर, ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर देगा और ऐसे इन्कार की सूचना उसके कारणों सहित देगा।

(7) उन एककों में जिनमें उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण अभ्यासों की पर्याप्तता है, उसके पश्चात् उनके द्वारा अपनाई गई उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण पद्धति की पर्याप्तता की जांच करने के लिए परिषद् के अधिकारी नियमित अन्तरालों पर जाएंगे। यदि किसी भी विनिर्माण एकक में यह पाया जाता है कि उसने विनिर्माण के किसी भी स्तर पर अपेक्षित क्वालिटी नियंत्रण परिमाप नहीं अपनाए हैं तो परिषद् के अधिकारियों की सिफारिशों पर घोषित कर दिया जाएगा कि उसके पास उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण अभ्यासों की पर्याप्तता नहीं है। उस दशा में एकक पुनः आवेदन करेगा जिससे कि उसी के अनुसार विशेषज्ञों के पैनल द्वारा निरीक्षण करने का प्रबंध किया जाएगा।

5 निरीक्षण फीस :

इन नियमों के अधीन प्रत्येक परेषण के लिए, ऐसे प्रत्येक परेषण के पोस पर्यन्त निशुल्क मूल्य के प्रत्येक एक सौ रुपए पर तीस पैसे की दर से निरीक्षण फीस निर्यात कर्ता द्वारा अभिकरण को दी जाएगी। यह फीस कम-से-कम बीस रुपए होगी।

6 अपील :

(1) नियम 4 के उप-नियम (6) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर देने से व्यथित व्यक्ति ऐसे इन्कार की संसूचना प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त कम-से-कम तीन और अधिकतम सात व्यक्तियों के विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) ऐसे पैनल में विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्य संख्या के कम से-कम दो-तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) अपील को उसके प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर निपटा दिया जाएगा।

अनुसूची 1

(नियम 3 का उप-नियम (1) देखिए)

(साइकिल के टायर)

क्रम सं०	अपेक्षाएं	संदर्भ	नमूनों की सं०	आवृत्ति	टिप्पणी
1.	फिनिश	इस प्रयोजन के लिए मान्य मानक विनिर्देश	1 प्रतिशत	प्रति बैच (1,000 से 10,000 टुकड़े)	—
2.	विमाएं	—		-वही-	भा०भा० 2414 के अनुसार
3.	बनावट			-वही-	-वही-
4.	सम्पूर्ण मोटाई			-वही-	-वही-
5.	कोर्ड की मजबूती			-वही-	-वही-
6.	केस की मजबूती			-वही-	-वही-
7.	मनकेदार तार का टूटने भार		2 टुकड़े	-वही-	-वही-
8.	बीडतार का सुझाव सामर्थ्य			-वही-	-वही-
9.	मिश्रित रबड़ की तनन सामर्थ्य			-वही-	-वही-
10.	दीर्घीकरण तनन सैट			-वही-	-वही-
11.	मिश्रित रबड़ के टूटने पर दीर्घीकरण			-वही-	-वही-
12.	त्वरित अवस्था			-वही-	-वही-

(साइकिल की ट्यूब)

1.	फिनिश		1 प्रतिशत	1,000 से 10,000 प्रति बैच	-वही-
2.	विमाएं		1 प्रतिशत	—	भा०भा० 2415 के अनुसार
3.	तनन सामर्थ्य तथा टूटने पर दीर्घीकरण (अवस्था के पहले)			प्रति बैच	-वही-
4.	तनन सैट		2 टुकड़े	-वही-	-वही-
5.	तनन सामर्थ्य तथा टूटने पर दीर्घीकरण (अवस्था के पश्चात्)			-वही-	-वही-
6.	संयुक्त आसंजन मजबूती			-वही-	-वही-
7.	नीक परख			-वही-	-वही-

अनुसूची 2

[नियम 3 का उप-नियम (1) देखिए]

पैकिंग के लिए नियंत्रण स्तर :

1. पैकेज देखने में सुन्दर होंगे और ये अभिवहन के दौरान उठाई धराई सहन करने योग्य होंगे।

2. प्रत्येक पैकेज पर निम्नलिखित जानकारी दी जाएगी, अर्थात् :—

(क) सामान्य आकार, वर्ग, विनिर्माता का नाम तथा व्यापार चिन्ह।

(ख) मूल देश।

(ग) माल की मात्रा।

(घ) पोत लदान चिन्ह (शिपिंग)।

[सं० 6(15)/76/नि०नि० तथा नि०उ०]

के० वी० बालसुब्रह्मण्यम, उप निदेशक

ORDER

S.O. 208.—Whereas, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do for the development of the export trade of India that Cycle Tyres and Cycle Tubes should be subject to quality control and inspection prior to export;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule, the Central Government publishes the said proposals for information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objection or suggestion with respect to the said proposals may forward the same within forty-five days of the date of publication of this Order in the official Gazette to the Export Inspection Council, World Trade Centre, 14/1B, Ezra Street, (7th Floor), Calcutta-1.

PROPOSALS

(1) to notify that cycle tyres and tubes shall be subject to quality control and inspection prior to export;

(2) to specify the type of quality control and inspection in accordance with the Draft Export of Cycle Tyres and Cycle Tubes (Quality Control and Inspection) Rules, 1976 as set out in the Annexure to this order as the type of inspection which shall be applied to such cycle tyres and tubes prior to their export;

(3) to recognise

(a) the specifications as declared by the exporter to be the agreed specifications in the exports contracts for Cycle Tyres and Cycle Tubes;

(b) the specification for Cycle Tyres and Cycle Tubes as per brand name of the product with its characteristics;

(4) to prohibit the export in the course of international trade of such cycle tyres and cycle tubes unless the same are accompanied by a certificate of inspection issued by an agency recognised by the Central Government under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) to the effect that such cycle tyres and cycle tubes conform to be standard specifications and are exportworthy.

3. Nothing in this order shall apply to the export by land, sea or air, of samples of cycle tyres and cycle tubes to prospective buyers.

4. In this order—

(1) "Cycle tyres" means tyres to be used for bicycle and rickshaws and shall consist of rubberized chord fabric casing enclosing two steel bead wire bead rings and tread strips of suitably compounded rubber.

(2) "Cycle tube" means rubber tubes meant for bicycle and rickshaw and shall consist of natural and/or synthetic rubber suitably compounded and vulcanised.

ANNEXURE

([Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963)]

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Export of Cycle Tyres and Cycle Tubes (Quality Control and Inspection) Rules, 1977;

(2) They shall come into force on.....

2. Definitions—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963);

(b) "Agency" means any one of the agencies, established under section 7 of the Act at Cochin, Madras, Calcutta, Bombay and Delhi,

(c) "Cycle tyres" means tyres to be used for bicycles and rickshaws and shall consist of rubberized cord fabric casing enclosing two steel bead wire bead rings and tread strips of suitably compounded rubber.

(d) "Cycle tubes" means rubber tubes meant for bicycles and rickshaw tyres and shall consist of natural or synthetic rubber suitably compounded and vulcanized.

(e) "Schedule means the schedule appended to these rules.

3. Quality Control and Inspection—

(1) The quality control of cycle tyres and cycle tubes shall be ensured by the manufacturer by effecting the following controls at different stages of manufacture, preservation and packing of the product, set out below :—

(i) Purchase and raw material control—

(a) Purchase specifications shall be laid down by the manufacturer incorporating the properties of raw materials to be used.

(b) Either the accepted consignments shall be accompanied by a supplier's test and inspection certificate corroborating the requirements of the purchase specification in which case occasional checks shall be conducted at least once in 10 consignments by the purchaser for a particular supplier to verify the correctness of the aforesaid test or inspection certificates or the purchased material shall be regularly tested and inspected either in the laboratory within the factory or in an outside laboratory or test house

(c) The sampling for inspection or test to be carried out shall be based on the recorded investigations.

(d) After the inspection or test is carried out, systematic methods shall be adopted in segregating the accepted and rejected materials and for disposal of the rejected materials.

(e) Adequate records in respect of the aforesaid controls shall be regularly and systematically maintained by the manufacturer.

(ii) Process control—

(a) Detailed process specification shall be laid down by the manufacturer for different processes of manufacture.

(b) Equipment and instrumentation facilities shall be adequate to control the processes as laid down in the process specification.

(c) Adequate records shall be maintained by the manufacturer to ensure the possibility of verifying the control exercised during the process of manufacture.

(iii) Product controls—

(a) The manufacturer shall have either his own testing facilities or shall have access to such testing facilities existing elsewhere to check up whether the product conforms to specifications recognised under section 6 of the Act.

(b) Sampling for test and inspection to be carried out shall be based on the recorded investigation.

(c) Adequate records in respect of sampling and test carried out shall be regularly and systematically maintained.

(d) The minimum levels of control to check the products shall be as specified in Schedule I.

(iv) Preservation control—
The product shall be well preserved both during the storage and the transit.

(v) Packing control—
Packing specifications shall be laid down with a view to satisfying controls mentioned in Schedule II for packing of the products.

(2) The inspection of cycle tyres and cycle tubes intended for exports shall be carried out with a view to ensuring that the quality control in accordance with sub-rule (1) has been exercised at the relevant levels satisfactorily and the cycle tyres and cycle tubes conform to the specifications recognised for the purpose.

4. Procedure of Inspection—

(1) An exported intending to export cycle tyres and cycle tubes shall inform his intention to do so in writing to the nearest office of the Council. On receipt of such information, the manufacturing units shall be first visited by the officers of Council and on their recommendation, the visit of the panel of experts constituted by the Council for this purpose shall be arranged to adjudge the adequacy of inprocess quality control system as prescribed in Schedule I and II or otherwise adopted by the unit. On recommendation of the panel of experts, the unit shall be declared as having adequate inprocess quality control drills.

The manufacturing unit shall provide all facilities to the officers of the Council and the members of the panel of experts for this purpose.

(2) The exporter intending to export a consignment of cycle tyres and cycle tubes shall give intimation in writing of his intention to do so to the agency and submit along with such intimation, a declaration to the effect that the consignment of cycle tyres and cycle tubes has been or is being manufactured by exercising quality control measures laid down in rule 3 and that the consignment conforms to the requirements of the specifications recognised for the purpose.

(3) On receipt of the intimation and declaration under sub-rule (2), the agency, after satisfying itself that during the process of manufacture adequate quality control, as provided in rule 3, has been exercised by the units duly, shall carry out the inspection of consignment in accordance with the instructions issued by the Council from time to time.

(4) The exporter shall also furnish to the agency the identification marks applied on the consignment.

(5) Every intimation and declaration under sub-rule (2) shall reach the office of the agency not less than seven days prior to the despatch of the consignment from the manufacturer's premises.

